पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 4 फरवरी 2022 पेज 8

कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन्द्र शर्मा को सुनने के लिए बारिश में भी भारी संख्या में आये लोग।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पिछले 24 घंटे में सात संक्रमितों की मौत, 1618 नए मरीज मिले

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में सात कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो गई, जबकि 1618 और लोग संक्रमित मिले हैं। वहीं, इस दौरान 3306 मरीज ठीक हुए हैं, जबकि 23849 एक्टिव केस बाकी रह गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, गुरुवार को सामने आए 1618 नए मामलों में देहरादून में सर्वाधिक 505, हरिद्वार में 201, नैनीताल में 90, अल्मोड़ा में 110, बागेश्वर में 32, चमोली में 124, चंपावत में 41, पौड़ी में 71, पिथौरागढ़ में 89, रुद्रप्रयाग में 101, टिहरी में 48, ऊधमसिंह नगर में 167 और उत्तरकाशी के 39 मामले शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी जनसभा को करेंगे वर्चुअली संबोधित

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों की जनता को दिल्ली से वर्चुअली संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम मिलने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पीएम आज दोपहर 12 से एक बजे तक संबोधित करेंगे। अल्मोड़ा के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री का छह फरवरी को पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र, आठ फरवरी को टिहरी, 10 फरवरी को हरिद्वार और 12 फरवरी को नैनीताल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में वर्चुअली सभाओं का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### नुक्कड़ सभा कर आम जानता से मुखातिब हो रहे नेता

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून से सटे सहसपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी आर्येन्द्र शर्मा ने गुरुवार को क्षेत्र के तेलपुरा अटक फार्म में जनसभा को सम्बोधित किया। आर्येन्द्र शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस राज्य को बनाने में हमारे बहुत सारे लोग शहीद हुए हैं. अन्य राज्य के लोग चिंतित थे कि उत्तराखंड राज्य इतने कम संसाधनों में कैसे अस्तित्व कायम रखेगा. लेकिन हमारे उत्तराखंड के स्वाभिमानी लोगों ने संघर्ष किया और राज्य की काया पलट की है।

### राजपाल खरोला बने कांग्रेस चुनाव कोआर्डिनेशन कमेटी गढ़वाल मंडल के अध्यक्ष

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और पूर्व में ऋषिकेश विधानसभा से विधायक प्रत्याशी रहे राजपाल खरोला को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन नियुक्त किया गया है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 'अबकी बार 60 पार' का दिया नारा

**रोड शो**

■ लालढांग में मॉडल डिग्री कॉलेज बनवाकर स्वामी यतीश्वरानंद ने शिक्षा की अलख जगाई: धामी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लालढांग में भाजपा प्रत्याशी स्वामी यतीश्वरानंद के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने 'अबकी बार 60 पार' का नारा दिया। रोड शो भाजपा कार्यालय से शुरू होकर बाजार होते हुए गांधी चौक पर संपन्न हुआ। रोड शो में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कटेबढ स्थित गुरद्वारा साहिब में मत्था टेका और अरदास की। इसके बाद गाजीवाली में मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में लालढांग क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है। हरिद्वार की सड़क, रवासन नदी पर पुल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित करोड़ों की लागत से पेयजल



योजना का निर्माण हो रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस और अन्य पार्टियों केवल मुद्दे ढूंढ़ने में लगी हैं। भाजपा विकास में लगी है। स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि लालढांग क्षेत्र में करोड़ों की योजनाओं से विकास कार्य जारी है। इस अवसर पर सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के प्रत्याशी स्वामी यतीश्वरानंद को विजनकारी व्यक्तित्व बताते हुए भारी मतों से जिताने को आह्वान किया। उन्होंने गाजीवाली में सभा की और लालढांग क्षेत्र में रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालढांग क्षेत्र में मॉडल डिग्री कॉलेज, हरिद्वारी रोड, 14 गांवों में पानी की टंकी, स्वास्थ्य केंद्र, गन्ने के भाव में 30 रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कराने, वन गुर्जरों के क्षेत्र के साथ समुचित क्षेत्र में सड़कें बनवाकर ऐतिहासिक काम किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता में शामिल रहा है और रहेगा। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के गाजीवाली गांव में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितनी भी घोषणा की, सभी को धरातल पर उतारने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी यतीश्वरानंद के द्वारा दिए गए सभी प्रस्तावों को स्वीकृत कराते हुए काम कराए गए। लालढांग में मॉडल डिग्री कॉलेज बनवाकर स्वामी यतीश्वरानंद ने शिक्षा की अलख जगाई।

लालढांग में ही रवासन नदी पर एक पुल बनवाया तो दूसरे झूला पुल को स्वीकृत कराते हुए बजट जारी करा दिया। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कराते हुए श्यामपुर में एक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत कराया। क्षेत्र में मरीजों के लिए एंबुलेंस के साथ ऑक्सीजन प्लांट लगवाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम कराया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से लालढांग एवं श्यामपुर क्षेत्र में सड़क, पानी के लिए कोई काम नहीं हुआ, लेकिन स्वामी यतीश्वरानंद ने क्षेत्र में दोनों काम प्राथमिकता से कराए।

**जो वादा किया है, उससे कभी मुकर नहीं सकतेः यतीश्वरानंद**

आज पूरे क्षेत्र में सडकों का जाल बिछवाकर यातायात सुगम करा दिया है। एक–एक घर के लिए भी सड़क बनवाई। पेयजल के लिए 32 करोड़ की लागत से 14 गांवों में टंकी स्वीकृत कराई, जिनका काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि वन गुर्जरों के क्षेत्रों में पहली बार सड़कें बनवाने का काम स्वामी यतीश्वरानंद ने किया और जिन क्षेत्रों में अभाव है, उनमें सरकार बनते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

**बारिश के बावजूद उमड़ा जनसैलाब**

भारी बारिश और कड़कड़ाती ठंड होने के बावजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सुनने के लिए गाजीवाली में हुई सभा और रोड शो में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। जिन्हें देखकर मुख्यमंत्री और स्वामी यतीश्वरानंद गद्गद हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों में उत्साह है।

# पुराने हथ्कण्ड़े छोड़ों, आओं महंगाई, विकास, बेराजगारी पर करो डिबेट

**चुनौती**

■ कांग्रेस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी चुनौती

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व सलाहकार सुरेन्द्र कुमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक को बेरोजगारी, मंहगाई, विकास, पलायन पर बहस की चुनौती देते हुए कहा कि वो पुराने हथ्कण्ड़े छोड़कर इन मुदद्दों पर चर्चा के लिये आगे आये। उन्होने भाजपा सरकार के पिछले पॉच वर्ष के शासन में भ्रष्टाचार, विकास अवरुद्ध करने पर भी जमकर घेरते हुए मुख्यमंत्री को खनन प्रेमी बताया है उन्होने



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को विधानसभा के पटल पर कांग्रेस शासन के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रुप में अजय भटट् द्वारा दियें व भाषण व आरोपों को पढ़ने की सलाह भी दी है।

उन्होने कहा कि बेहतर हो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उनके अपने नेताओं द्वारा विधानसभा के रिकाड़ में दियें गये भाषण को पढ़ ले। उन्होने कहा कि जनता सन आफ सरदार, आपदा का हत्यारा, पौली हाऊस घोटाला, 35 लीटर पेट्रोल पीने वाले स्कूटर को भूली नही है, और यह भी कहा कि कांग्रेस के प्रतिज्ञापत्रध्घोषणापत्र में उल्लेखीत को पड़ने के साथ–साथ प्रदेश अध्यक्ष को अपना 2017 का विधानसभा चुनाव में किये वादें व घोषणापत्र को भी पड़ना चाहियें, जिसमें भाजपा सरकार बनते ही लोकायुक्त देने का वादा व अर्थव्यवस्था पर स्वेत पत्र जारी करने की बात भी कही गई थी, लोकायुक्त, अर्थव्यवस्था पर स्वेत पत्र भी जुमला साबित हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने राजस्व में 19.5 की दर सौपीं थी जो आज 9 प्रतिशत पर आ गई है परकैपिटा इन्कम, पलायन व तमाम विकास के कामों को पिछले पॉच वर्षो में चौपट किया है।

वहीं राजीव भवन में युवाओं द्वारा रचित गीत जिसके बोल "न होगें कोई बेरोजगार, नौकरी चाकरी की होगी भरमार, आयेगी जब कांग्रेस की सरकार" जिसके गायक को श्रषेठ नेगी को कांग्रेस प्रभारी श्री देवेन्द्र यादव ने गीत बनाने के लिये पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया।

### 10 फरवरी और 7 मार्च को प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौजन्या ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को दृष्टिगत रखते हुए एक्जिट पोल संबंधी अधिसूचना में निर्देशित किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126क की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत निर्वाचन आयोग की उक्त धारा की उप–धारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत दिनांक 10 फरवरी, 2022 को पूर्वान्ह 07:00 बजे और दिनांक 07 मार्च, 2022 को अपरान्ह 06:30 बजे तक के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में भी अधिसूचित करता है जिसके दौरान उपर्युक्त साधारण निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।